पीहू पंवार के एकमात्र गोल से मंडल टीम ने जीता मैच

सहारनपुर। जौनपुर में सब जूनियर गर्ल्स इंटर रीजन फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। सहारनपुर मंडल की टीम का मैच बस्ती मंडल से हुआ। इसमें सहारनपुर ने पीहू पंवार के गोल की मदद से शानदार जीत दर्ज कर की।

सहारनपुर फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव समीर खान ने बताया कि प्रतियोगिता 24 अक्तूबर से 31 अक्तूबर के बीच खेली जाएगी। प्रतियोगिता के लिए मंडलीय टीम का ट्रायल के बाद चुनाव किया गया था।

टीम ने पहला मैच बस्ती मंडल के खिलाफ खेला। पहले हॉफ तक कोई भी टीम स्कोर करने में कामयाब नहीं रही। मैच के 63वें मिनट में पीहू पंवार ने विपक्षी टीम के डिफेंस से पार पाते हुए विजयी गोल दागा।

इसके बाद कोई भी टीम निर्धारित समय तक गोल नहीं कर सकी। मैच समाप्ति तक सहारनपुर मंडल की टीम 1-0 से आगे रही। संवाद

अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति-2026 के दूसरे चरण की परीक्षा आज

44 शहरों के 44 केंद्रों पर 30 हजार से अधिक विद्यार्थी देंगे परीक्षा

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। अमर उजाला फाउंडेशन के माध्यम से संचालित की जाने वाली अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा-2026 के दूसरे चरण की परीक्षा रविवार को 44 शहरों के 44 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

इसमें नौवीं से बारहवीं तक के 30 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। जिन परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की संख्या अधिक है, वहां सुबह और शाम, दो पालियों में परीक्षाएं होंगी। लिखित परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से ली जाएगी। प्रवेश-पत्र आवेदकों के पंजीकृत मोबाइल नंबरों एवं ई-मेल आईडी पर भेजे जा चुके हैं।

इन केंद्रों पर होगी परीक्षा : अंबाला, अमरोहा, आजमगढ़, बागपत, बलिया, बस्ती, बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश), बुलंदशहर, चंदौसी, देवरिया, धर्मशाला, गाजियाबाद, गोंडा, गोरखपुर, गुरुग्राम, जम्मू, जींद, कैथल, कन्नौज, कानपुर, कर्णप्रयाग, कठुआ, कौशांबी, कोटद्वार, कुशीनगर, महाराजगंज, मंडी, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नई टिहरी, नोएडा, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, रामपुर (उत्तर प्रदेश), रॉबर्ट्सगंज (सोनभद्र), सहारनपुर, शिमला, सिद्धार्थनगर, श्रीनगर (उत्तराखंड), सुल्तानपुर, ऊधमपुर और उत्तरकाशी।

दृष्टिबाधित विद्यार्थी के साथ सहायक : दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को परीक्षा में सहायक लाने की अनुमति दी गई है। इसके लिए यह ध्यान रखना जरूरी है कि राइटर (सहायक) आवेदक से निचली कक्षा का छात्र होना चाहिए। सहायक को अनिवार्य रूप से स्कूल का परिचय-पत्र साथ लाना होगा ।

महत्वपूर्ण जानकारी

- बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित एक ही लिखित परीक्षा होगी।
- परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर आधा घंटा पहले पहुंचना होगा।
- प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि या जानकारी में विसंगति होने पर अपने स्कूल का आईं कार्ड या आधार कार्ड साथ लेकर जाएं।
- प्रश्नों के उत्तर ओएमआर शीट पर देने होंगे, इसलिए केवल नीला या काला बॉल प्वाइंट पेन लेकर जाएं।
- परीक्षार्थियों को 90 मिनट में 100 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। किसी भी प्रकार के नकारात्मक अंकन (निगेटिव मार्किंग) का प्रावधान नहीं है।

जिले में 34 केंद्रों पर प्रारंभिक अर्हता परीक्षा आज से, सभी तैयारियां पूरी

सहारनपुर। जिले में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) आज से शुरू हो रही है। परीक्षा के लिए जिले में 34 केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर 87 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। तीन दिन चलने वाली परीक्षा में हर दिन दो पालियां होंगी। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम 150 अतिरिक्त बसों का संचालन करेगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरन यादव ने बताया कि जिले में 34 परीक्षा केंद्रों पर पीईटी की परीक्षा कराई जा रही है। नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। अभ्यर्थियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए परिवहन निगम की ओर से 150 अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। इन बसों का संचालन मुरादाबाद, मेरठ, बागपत समेत विभिन्न जनपदों के लिए किया जाएगा। इससे परीक्षा देने आने वाले अभ्यर्थियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ निगरानी की व्यवस्था की गई है। परीक्षा केंद्रों के भीतर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

परीक्षा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति रहेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा में कुल 87,984 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा तीन दिन में छह पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक पाली में 14,664 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक होगी।

दृष्टि इलेवन ने चौहान एकेडमी को हराया

बल्लेबाजी करने उतरी दृष्टि इलेवन ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 154 रन बनाए

city sports

संवाद न्यूज एजेंसी



भूतेश्वर इंटर कॉलेज मैदान पर मेरठ और देवबंद के बीच आयोजित मैच में शॉट लगाता खिलाड़ी।। संवाद

सहारनपुर। महानगर के भूतेश्वर इंटर कॉलेज मैदान पर नॉर्थ इंडिया दिवाली कप-2026 शनिवार से शुरू हुआ। उद्घाटन मैच में दृष्टि इलेवन की टीम ने चौहान क्रिकेट एकेडमी को 33 रन से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

प्रशिक्षक राजीव गोयल ने बताया कि प्रतियोगिता में सहारनपुर समेत दिल्ली, मेरठ, नोएडा और शामली की आठ टीम हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता के पहले मैच में दृष्टि इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी दृष्टि इलेवन ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 154 रन बनाए।

राघव ने 35, अतुल यादव ने 32 और अमन ने 28 रन बनाए। कप्तान रक्षित गर्ग ने 18 रनों का योगदान दिया। चौहान क्रिकेट एकेडमी की ओर से आर्यांश सिंह ने चार ओवर में 33 रन देकर तीन विकेट लिए। मोहम्मद जैद ने चार ओवर में 25 रन देकर एक, केशव अरोड़ा ने दो ओवर में 15 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी चौहान क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम 19.4 ओवर में 121 रनों पर सिमट गई। हर्ष ने सर्वाधिक 37 रन की पारी खेली। तरुण चौधरी ने 25 और युवराज ने 13 रन का योगदान दिया। टीम के दो खिलाड़ी शून्य रन पर आउट हुए। दृष्टि इलेवन की ओर से मोहम्मद हारिस और अर्पित शंकर ने दो-दो विकेट लिए।

उपेंद्र दो ओवरों में 35 रन देकर सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए। सबसे किफायती गेंदबाज अर्जुन रहे। उन्होंने अपने तीन ओवरों में मात्र दस रन दिए। हालांकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। प्रदर्शन के आधार पर अर्पित शंकर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पीके सिंह और रणधीर कपूर ने किया। स्कोरर देवांश सम्बरवाल रहे।



वर्ल्ड इंडिया फैशन वीक के तहत आयोजित फैशन शो में रैंप पर जलवा बिखेरती मॉडल। संवाद

वर्ल्ड इंडिया फैशन वीक सीजन-2 में रैंप पर उतरे डिजाइनर

संवाद न्यूज एजेंसी

सहारनपुर। फैशन और डिजाइन के क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से वर्ल्ड इंडिया फैशन वीक सीजन-2 का आयोजन किया गया।

दिल्ली रोड स्थित एक फार्म में शुक्रवार देर शाम पेरिस इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन एंड टेक्नोलॉजी (पीआईएफटी) की थीम पर उत्तर प्रदेश फैशन डिजाइन काउंसिल के बैनर तले कार्यक्रम में आए डिजाइनरों और मॉडल्स ने अपनी प्रस्तुतियों से फैशन के विभिन्न रंग दिखाए। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक एवं आयोजक तरन्नुम अख्तर, संरक्षक आचार्य अटल और हेमंत जोशी ने दीप जलाकर की।

फैशन शो में मॉडल्स ने रैंप पर विभिन्न डिजाइनरों के कलेक्शन का प्रदर्शन किया। इस दौरान योगेश बंसल, मयंक, सुषमा बजाज, अनु बजाज, आरती शर्मा, रश्मि टेरेंस, योगेश दहिया, शहजाब महमूद, कश्मीरी ज्वेलर्स के अंकित जैन, अपूर्व जैन आदि रहे।

वर्धमान क्रिकेट अकादमी ने जीता खिताब

बिजनौर। वर्धमान कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित चतुर्थ राजेंद्र कुमार जगत प्रकाश मेमोरियल अंडर-14 बालक क्रिकेट टूर्नामेंट-2026 का खिताब वर्धमान क्रिकेट अकादमी, बिजनौर ने जीत लिया।

फाइनल मुकाबले में अकादमी की टीम ने मुजफ्फरनगर पुलिस क्रिकेट अकादमी को 114 रन से करारी शिकस्त दी। शानदार प्रदर्शन करने वाले मुस्तफा गुर्जर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट में मेरठ, हापुड़, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, गजरौला और धामपुर समेत विभिन्न स्थानों की आठ टीमों ने प्रतिभाग किया।

फाइनल मुकाबले में मुजफ्फरनगर पुलिस क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बोलिंग का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वर्धमान क्रिकेट अकादमी की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 162 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुजफ्फरनगर की टीम वर्धमान के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 11.2 ओवर में महज 48 रन पर ऑल आउट हो गई।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद डॉ. रीना चालिया और महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) प्रीति खन्ना ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। डॉ. रीना चालिया ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करते हैं। प्राचार्या ने विजेता और उपविजेता टीम को बधाई देते हुए विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ खेलों में भी बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अभिजित कुमार गुप्ता ने किया। संवाद

दंगल में सोनू और सुशील ने मारी बाजी

संवाद न्यूज एजेंसी



चिलकाना के गांव तेलीपुरा में हुए दंगल में दांवपेच दिखाते पहलवान। संवाद

चिलकाना। तेलीपुरा स्थित मां शाकंभरी देवी मंदिर में शनिवार को दो दिवसीय मेले की शुरुआत पूजा-अर्चना और हवन से की गई। मेले में हुए दंगल में पहलवानों ने दमखम दिखाया। दंगल की पहली कुश्ती में मुजफ्फरनगर के सोनू ने यमुनानगर के अलकित को हराया। दूसरी कुश्ती में अंबाला के सुशील ने हरियाणा के सलमान को शिकस्त दी।

वहीं, बिलासपुर के रजत ने यमुनानगर के अलकित को हराकर जीत दर्ज की। एक अन्य मुकाबले में सचिन मोहदीपुर ने जावेद गंगोह को पराजित किया। कुश्तियों के दौरान दर्शकों ने तालियां बजाकर पहलवानों का उत्साह बढ़ाया।

कुश्ती के रेफरी संदीप जेहरा, चौधरी कुलदीप, संदीप, चौधरी महेंद्र, नितिन, सुखबीर और कान्हा रहे। इससे पहले दिन भर माता के दर्शन और प्रसाद चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में माथा टेककर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।



मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 800 मीटर दौड़ की विजेता खिलाड़ी। फोटो : शिखा

सीनियर वर्ग की 800 मीटर दौड़ में जसकीरत बनीं विजेता

संवाद न्यूज एजेंसी

सहारनपुर। 30वें मंडलीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता शनिवार से खेड़ी बाजरिया इंटर कॉलेज मैदान पर शुरू हुई। पहले दिन अनेक स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। बालक और बालिका वर्ग की 800 मीटर दौड़ के साथ गोला फेंक, 100 मीटर दौड़, ऊंची कूद और लंबी कूद प्रतियोगिताएं कराई गईं।

प्रतियोगिता की शुरुआत खेड़ी ओ डॉ. सुनील कुमार वर्मा ने की। उन्होंने बालक वर्ग की 800 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शुरू कराया। खेएसए कोमल ने बालिका वर्ग की दौड़ का शुभारंभ किया। बालिकाओं की 800 मीटर दौड़ में केएलजीएस इंटर कॉलेज नकुड़ की जसकीरत ने पहला, गेंचर कृषि इंटर कॉलेज की शगुन ने दूसरा और डीएवी इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर की आरजू ने तीसरा स्थान पाया।

इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरन यादव और जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय हरपिंदर स्वामी आदि मौजूद रहे।

उ०प्र०पा०ट्रा०का०लि०
अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड, मेरठ

पत्रांक: 1825 | सूचना | दिनांक : 24.10.2026

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि 63 एम०वी०ए० परिवर्तक 33 के०वी० मैन बस सैक्शन- प्रथम एवं द्वितीय के अनुरक्षण तथा जम्पर बदलने का कार्य किये जाने हेतु दिनांक 25.10.2026 को समय प्रातः 09:00 से 16:00 बजे तक बस का शटडाउन प्रस्तावित है। 132 के०वी० उपकेन्द्र परतापुर से पोषित 33 के०वी० शताब्दीनगर, पसखड़ा, मोडिउद्दीनपुर, मोढकमपुर एवं माधवपुरम की विद्युत आपूर्ति 09:00 से 12:00 बजे तक तथा 33 के०वी० जैक बस, सुमित एग्रो, हापुड़ बाईपास तथा परतापुर की विद्युत आपूर्ति 13:00 से 16:00 बजे तक प्रभावित होगी, जनमानस को होने वाली असुविधा के लिये खेद है। अतः आपसे अनुरोध है कि मेरठ जनपद के उपभोक्ताओं एवं जनहित को उक्त सूचना दिनांक 25.10.2026 के संस्करण में प्रकाशित करने की कृपा करें।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वैबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अद्येतन समस्त सूचनाएं वैबसाईट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

पढ़ें, दुनियाभर की अनोखी और रोचक खबरें 'जरा हटके भी' में amarujala.com पर

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, मुजफ्फरनगर

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)

पत्रांक 1000 /ब्ए | दिनांक : 13.10.2026

1. महानिदेशक कानपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, मुजफ्फरनगर द्वारा प्रतिष्ठा पत्र पर टी-1 के द्वारा उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड श्रेणी वर्किंग संख्या-8 के अनुसार (जैसा लागू हो) कार्य हेतु वर्क एवं अनुमोदित टेकेदारों से ई-टेन्डरिंग (http://etender.up.nic.in) के माध्यम से निविदा मांगी जाती है। निविदादाता किसी अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित दंडक प्राप्त करने निमन्त्रण से अवगत हो लें।

2.

क्रम संख्या / सेक्शन संख्या	जनपद का नाम	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (₹ लाख में)	धरोहर धनराशि (₹ लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य (बीएसएनएल सहित (टेन्डर फीस+ डोजमेन्ट चार्ज+ जीएसटी))	ठेकेदार के वांछित पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
प्रथम आमन्त्रण (स्वीकृति की प्रत्याशा में)							
1	मुजफ्फरनगर	लो०नि०वि० के पर्यवेक्षण वाले विभिन्न मार्गों पर रोड सेफ्टी का कार्य।	8.40	0.84	2 माह	500.00 + 225.00 + 132.00 = 857.00	रोड सेफ्टेज वर्क्स श्रेणी ए

- बिड डॉक्यूमेन्ट में लगायी गयी दरें सभी कार्यों को जोड़ते हुए तथा जीएसटी को जोड़ते हुए लगायी गयी है।
- निविदा में मांगी गयी निविदा धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र शुल्क (क्रमांक सं० 5 एवं 7 के अनुसार) ऑन लाईन बैंकर नेट बैंकिंग द्वारा भुगतान के पश्चात् सुपरिदाता प्राप्ति रसीद के रूप में ही मान्य होगा।
- शासनादेश संख्या 14/2020/870/सैंइस-7-2020-170(सं)/06, दिनांक 29.06.2020 के अनुसार निविदा प्रक्रिया एक्सेप्टेंस के माध्यम से प्राप्त की जायेगी।
- निविदा क्रॉन दिनांक 26.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 02.11.2026 की अपरान्ह 02:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 02.11.2026 को अपरान्ह 02:30 बजे खोली जायेगी। वर्क निविदादाताओं की वित्तीय बिड कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
- शासनादेश संख्या 1/2018/3070/ती-2-2018/40 आईटी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 से निर्गत व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से निकाय/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
- उक्त निविदाओं के अन्तर्गत एसओ लोक निर्माण अनुभाग-7 का शासनादेश संख्या 80/2020/649/2020/23-7000/100/2020 दिनांक 23-05-2020 द्वारा दिये गये निर्देश एवं शर्तें लागू होंगी एवं धरोहर धनराशि उक्त शासनादेश के अनुसार ही ली जायेगी।
- निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, मुजफ्फरनगर

www.upgov.nic.in Upid- 289206 Dt.23.10.2026

अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, मुजफ्फरनगर, pdpwdmzn@gmail.com

UTTARAKHAND SAHAKARI CHINI MILLS SANGH LTD.
Near Railway Crossing, Badripur Road, Jogiwala, Dehradun-248001 (Uttarakhand)
Telephone No.: 0135-2974413 | E-mail: uksugarni@gmail.com
Website: www.uttarakhandsugars.com

Letter No. 1046/Molasses-01(03)/2026-27 | Date: 24-10-2026

SHORT TERM E-TENDER NOTICE FOR SALE OF MOLASSES

Online e-Bids are invited for the sale of Industrial (05%) Doiwala Sugar Mill & Free Sale (75%) of Nadehi Sugar Mill Molasses for production year 2025-26 to bonafied buyers and or Traders. Tender will be uploaded upto 9:30 AM on **31.10.2026** and Technical and Financial Bid will be opened on **31.10.2026** at 10:30 AM to 03:00 PM. The E-Bids EMD is Rs.50.00 Per Qtls. **Total Quantity for sale of Industrial (05%) 3398.00 Qtls, and for Free Sale Molasses (75%) is 11400.00 Qtls.**

The details for submission of the E-Bids is available on the E-tender portals as per **www.uktenders.gov.in&www.uttarakhandsugars.com** from **24.10.2026** at **06:00 PM.** The bidders will have to deposit Tender fees **(Non Refundable)** of **Rs. 2,360/- (GST INCLUSIVE)** & earnest money **Rs. 50.00 (Fifty) per Quintals** in the form of **Demand Draft/ RTGS/NEFT/NET BANKING** in favor of **Uttarakhand Co-operative Sugar Factories Federation Limited, Payable at Dehradun.** Tenders without earnest money will not be accepted. The bank details are available inside the tender document. The administrator reserves the right to cancel any or all E-Bids without assigning any reason. The decision of administrator shall be final and binding.

इस निविदा के सम्बन्ध में सभी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, समय वृद्धि आदि को केवल **www.uktenders.gov.in & www.uttarakhandsugars.com** पर ही दिया जायेगा। निविदादाता अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से इन वेबसाइटों को पढ़ते रहें।

GENERAL MANAGER

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com

पढ़े, कहां गिरा दही है मिला amarujala.com पर

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

सरफेसी अधिनियम के अनुसार, ऋणी/गारन्टर/ बंधककर्ता को वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना

शाखाः- स्टार पेपर मिल, राज विहार, पेपर मिल रोड, सहारनपुर- 247001
ई-मेलः Stasah@bankofbaroda.com

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों का तथा विशेष रूप से ऋणकर्ताओ और प्रत्याभूति-दाताओ को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता है) प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा, द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर नीचे वर्णित चुक कर्ताओं से वसूली हेतू नीलाम किया जायेगा। उधारकर्ता(ओ)/बंधककर्ता/गारन्टर(ओ)/सुरक्षित परिसंपत्ति/बकाया/ आरक्षित मूल्य/ ई-नीलामी की तारीख और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे उल्लेख किया गया है।

क्रं. सं.	शाखा का नाम एवं ऋणकर्ता/गारन्टर/बंधककर्ता के नाम व पता	ज्ञात ऋणभार सहित अचल संपत्ति का विवरण यदि कोई बंधक हो	कुल बकाया राशि	ई-नीलामी की तिथि व समय	रिजर्व मूल्य / ईएमडी मूल्य / न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (भौतिक/रचनात्मक)	संपत्ति का निरीक्षण और समय
1.	**शाखाः सहारनपुर** ऋणीः श्री मनीष शर्मा पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद, आवासीय पता- प्लॉट नं0 18, मकान नं0 जी-3, मोहल्ला मोहम्मदपुर मफी दर आवादी, पन्त विहार फेस-3, सहारनपुर-2470001, सह-ऋणीः श्रीमती ज्योति वशिष्ठ पत्नी श्री मनीष शर्मा, आवासीय पता- प्लॉट नं0 18, मकान नं0 जी-3, मोहल्ला मोहम्मदपुर मफी दर आवादी, पन्त विहार फेस-3, सहारनपुर-247001, गारन्टरः श्री गौरव कंसल, आवासीय पता मकान नं0 6-6067, मोहल्ला न्यू माधो नगर गली नं0 2, विष्णु धाम कालोनी, निकट काका हलवाई, सहारनपुर-247001	एक आवासीय मकान माप 52.00 वर्ग गज, सम्पत्ति स्वामी श्री मनीष शर्मा पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद एवं श्रीमती ज्योति वशिष्ठ पत्नी श्री मनीष शर्मा, सम्पत्ति स्थित प्लॉट नं0 18, मकान नं0 जी-3, मोहल्ला मोहम्मदपुर मफी दर आवादी, पन्त विहार फेस-3, सहारनपुर- 247001. सीमाऐंः पूर्वः फ्लैट जी-4, जयदीप, पश्चिमः फ्लैट जी-2, अनूप कुमार, उत्तरः प्लॉट नं0 19 अन्य व्यक्ति दक्षिणः 18 फीट चौड़ा रास्ता।	रु0 **9,38,234.96** (नौ लाख अड़तीस हजार दौ सौ चौतीस एवं छियानवें पैसे मात्र) अतिरिक्त ब्याज और शुल्क दिनांक 31.07.2026	**27/11/2026** दोपहर 02.00 बजे से शाम 6.00 बजे के बीच	रिर्जव मूल्य– रू. 13,66,000/- ईएमडी मूल्य– रू. 1,36,600/- बोली राशि– रू. 10,000/–	**रचनात्मक कब्जा**	**20.11.2026** दोपहर 03.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच

***नीलामी के नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया दी गई वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in/e-auction एवं https://baanknet.com देखें।** इसके अलावा, संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी, सम्पत्ति नं0 मो0 **8477009460 विस्तृत नियम और शर्तों के लिए यह QR कोड स्कैन करें:–**

दिनांकः 24.10.2026 | स्थान- सहारनपुर | प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बडौदा

पढ़े, कहां गिरा दही है मिला amarujala.com पर

Medical Helpline

नीम हकीमों / लालची डॉक्टरों / ऑनलाईन ठगों के मिलावटी इलाजों से तुरन्त असर वाली गोलियों व कैप्सूलों के ज्यादा इस्तेमाल से

जोश ताकत खो चुके हैं ?

मिलावट का हो पूर्ण आयुर्वेदिक इलाज से जोश-ताकत फिर से पायें

श्रीराम औषधालय

मेरठ मॉल, निकट मेट्रो प्लाजा, दिल्ली रोड, मेरठ | 9675335454 9837111895